सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 126 | इंदौर, गुरुवार 20 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सिवनी में रेत खदान के वर्चस्व को लेकर ठेकेदारों में फायरिंग

### चपेट में आया निर्दोष युवक, नागपुर रेफर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी, एजेंसी।** जिले के उगली थाना क्षेत्र के इमलीटोला में बुधवार की दोपहर रेत खदान को लेकर चल रहा विवाद अचानक हिंसक हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ी कि मामला गोलीबारी तक पहुंच गया। दो गुटों के बीच फायरिंग की चपेट में एक स्थानीय निर्दोष युवक विकास पटले आ गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, फायरिंग की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार विकास पटले का विवाद से कोई संबंध नहीं था। वह पास ही मौजूद था। तभी अचानक चली गोली उसे लग गई। गोली लगते ही युवक जमीन पर गिर पड़ा और आसपास अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक को ग्रामीणों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल सिवनी ले जाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि गोली शरीर के बेहद संवेदनशील हिस्से के पास लगी है और उसकी हालत चिंताजनक है। देर रात उसे नागपुर रेफर किया गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इमलीटोला में नई रेत खदान शुरू होने को लेकर दो ठेकेदारों के गुटों में कई दिनों से तनातनी चल रही थी। बुधवार को दोनों पक्ष मौके पर पहुंचे और कहासुनी ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। आरोप है कि इसी दौरान एक पक्ष ने पिस्तौल निकालकर फायरिंग कर दी। किसने पहले गोली चलाई, यह अब तक स्पष्ट नहीं है।

### सरकारी शिक्षक भर्ती में घोटाला

## फर्जी डीएड डिग्री गिरोह की जांच का दायरा बढ़ा, आधा दर्जन और शिकायतें मिलीं

**भोपाल, एजेंसी।** सरकारी स्कूलों में शिक्षक भर्ती के नाम पर हुआ डिग्री घोटाला अब बड़े नेटवर्क के रूप में सामने आ रहा है। एसटीएफ ने पता लगाया है कि फर्जी डीएड अंकसूचियां बनाकर उम्मीदवारों को शिक्षक की नौकरी दिलाने वाला संगठित गिरोह लंबे समय से सक्रिय रहा है। वहीं, सत्यापन के नाम पर जारी की गई जांच रिपोर्ट भी फर्जी जारी की गई। अब एसटीएफ फर्जी डिग्री उपलब्ध कराने वाले गिरोह, नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल समिति और सत्यापन रिपोर्ट जारी कराने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका खंगाल रही है। जांच टीम ने उन लोगों की पहचान पर खास ध्यान केंद्रित किया है, जिन्होंने दस्तावेजों को असली बताते हुए नौकरी की फाइलों को मंजूरी दिलवाई।

# 24 से 26 तक एमपी से गुजरेगी युवा एकता यात्रा

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर देश में निकल रहीं 4 यात्राएं, सीएम ने पटना से की वीसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर निकल रही यूथ (एकता) यात्रा 24 से 26 नवंबर तक मध्यप्रदेश से होकर गुजरेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यात्रा के दौरान पूरे रूट पर "गरिमा, गौरव और आत्मीयता" के साथ स्वागत किया जाए। CM बुधवार को पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों से यात्रा की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

वीसी में BJP के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, सावित्री ठाकुर, यात्रा संयोजक जीतू जिराती, जनसंपर्क आयुक्त दीपक सक्सेना, और खेल एवं युवक कल्याण विभाग के अधिकारी शामिल हुए। इस यात्रा में MP, छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र के करीब 385 युवा शामिल होंगे, जिनके साथ 11 बसें और 4 कारें चलेंगी।



### CM का निर्देश: हर जिले में माइक्रो प्लानिंग हो

सीएम ने कहा कि यात्रा जहां-जहां से गुजरेगी, वहां स्वागत, सुरक्षा, यात्रा प्रबंधन, रात्रि विश्राम, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पौधारोपण जैसी व्यवस्थाएं पहले से तय कर ली जाएं। सीएम ने कहा 'सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोया, यह यात्रा उसी भावना का संदेश है। इसे प्रदेश में यादगार बनाएं।' उन्होंने खेल एवं युवा कल्याण विभाग को अधिक से अधिक युवाओं और खिलाड़ियों को जोड़ने के निर्देश भी दिए। देश में नागपुर, जयपुर, दिल्ली और मुंबई से निकली 4 एकता यात्राएं 6 दिसंबर को केवड़िया पहुंचेंगी। वहां एक विशाल राष्ट्रीय सम्मेलन होगा।

### कहां-कहां से गुजरेगी यात्रा, यह है रूट मैप

**24 नवंबर**

सुबह 10 बजे नागपुर से प्रस्थान
पांढुर्ना से एमपी में प्रवेश
बैतूल में रात्रि विश्राम

**25 नवंबर**

बैतूल हरदा खातेगांव कन्नौद डबल चौकी
शाम तक इंदौर पहुंचकर रात रुकना

**26 नवंबर**

इंदौर में स्वागत और जनसभा CM डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में शामिल होंगे, इंदौर धार झाबुआ
शाम तक गुजरात के गोधरा में प्रवेश

### यात्रा में क्या-क्या होगा?

1. यात्रा के रूट पर युवा सहभागिता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां होंगी:
2. सरदार पटेल पर आधारित चित्र प्रदर्शनी और कविता पाठ
3. 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण
4. स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी
5. लोक नृत्य, सांस्कृतिक मंडलों के प्रदर्शन
6. युवा संवाद और खेल गतिविधियां
7. स्वच्छता कार्यक्रम

### स्टाम्प फर्जीवाड़ा रैकेट उजागर

# उपयोग किए स्टाम्प बेचकर सरकार को लगाया लाखों का चूना, 4 गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** फर्जी और उपयोग हो चुके स्टाम्प बेचकर शासन को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगाने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है जबकि सात आरोपी अब भी फरार हैं।

एमपी नगर पुलिस ने फर्जी और उपयोग किए जा चुके स्टाम्प बेचकर शासन को राजस्व का भारी नुकसान पहुंचाने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि सात आरोपी अभी फरार हैं। गिरोह पिछले कई वर्षों से फर्जी स्टाम्प, कोरे स्टाम्प पेपर और नोटरी की जाली सील का दुरुपयोग कर अवैध कमाई कर रहा था।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित सारनाथ कॉम्प्लेक्स में मामा चैम्बर्स और एएम इंटरप्राइजेस उपयोग हो चुके चिपकाने वाले स्टाम्प की बिक्री करते हैं। सूचना के बाद पुलिस ने एएम इंटरप्राइजेस पर छापा मारा। दुकान में प्रीतम प्रजापति मिला, जिसके कब्जे से उपयोग हो चुके स्टाम्प, स्टाम्प वेंडर सुषमा साहू के स्टाम्प पेपर्स, नोटरी एडवोकेट हैमेन्द्र तिवारी व पवन प्रकाश शर्मा के हस्ताक्षर किए हुए कोरे, हरे और सफेद स्टाम्प पेपर, नोटरी की सील और स्टाम्प रजिस्टर जब्त किए गए।

पूछताछ में प्रीतम ने बताया कि दुकान आकाश साहू और विकास साहू की है। सुषमा साहू स्टाम्प वेंडर है और नोटरी एडवोकेट हैमेन्द्र तिवारी तथा पवन प्रकाश शर्मा कोरे स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर कर देते थे। दुकान में उपयोग हो चुके स्टाम्प को कूटरचित कर दोबारा बेचकर शासन को



राजस्व दिए बिना आर्थिक लाभ कमाया जाता था।

इसके बाद पुलिस मामा उर्फ गणेश प्रसाद लोंगरे की दुकान मामा चैम्बर्स पर पहुंची, जहां दुकान बंद मिली। बाहर मौजूद कर्मचारी नरेश शहरिया ने बताया कि वह एक साल से यहां काम कर रहा है। दुकान के मालिक गणेश लोंगरे, उनके बेटे रोहित लोंगरे और वह स्वयं मिलकर उपयोग हो चुके स्टाम्प को कूटरचित कर बेचते थे और बिना राजस्व जमा किए अवैध रूप से लाभ कमाते थे।

इसके बाद पुलिस एएम इंटरप्राइजेस, पुरानी विधानसभा के सामने पहुंची। यहां दुकान पर उपस्थित कर्मचारी जतिन साहू मिला। दुकान से उपयोग हो चुके चिपकाने वाले स्टाम्प, सुषमा साहू के स्टाम्प पेपर्स, नोटरी एडवोकेट हैमेन्द्र तिवारी और पवन प्रकाश शर्मा के हस्ताक्षर वाले कोरे स्टाम्प पेपर, हरे व सफेद पेपर, नोटरी सील और स्टाम्प रजिस्टर जब्त किए गए। जतिन ने भी आकाश साहू और विकास साहू द्वारा फर्जी स्टाम्प बेचने और बिना राजस्व जमा किए आर्थिक लाभ लेने की पुष्टि की।

गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस आरिफ अफजल अली के 10 नंबर स्थित घर पर पहुंची। यहां भी उपयोग हो चुके स्टाम्प, चिपकाने वाले स्टाम्प, स्टाम्प पेपर्स की फोटोकॉपी, कूटरचित दस्तावेज और स्टाम्प रजिस्टर बरामद किए गए।

आरिफ अफजल ने बताया कि वह पिछले 30 वर्षों से अपने घर से स्टाम्प बेचने का काम कर रहा है। वह उपयोग हो चुके स्टाम्प और फोटोकॉपी स्टाम्प को नकली रूप से असली की तरह तैयार कर बेचकर बिना राजस्व जमा किए अवैध लाभ कमाता था। पुलिस ने सभी जब्त सामग्री को कब्जे में लिया और संबंधित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपियों में प्रीतम प्रजापति, नरेश शहरिया, जतिन साहू और आरिफ अफजल शामिल हैं। जबकि आकाश साहू, विकास साहू, स्टाम्प वेंडर सुषमा साहू, नोटरी एडवोकेट हैमेन्द्र तिवारी, नोटरी एडवोकेट पवन प्रकाश शर्मा, मामा उर्फ गणेश लोंगरे, रोहित लोंगरे अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

# कलेक्टर शिवम वर्मा ने किया मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का औचक निरीक्षण

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 204 इंदौर-1 क्षेत्र से संबंधित कार्य का एम.बी. खालसा कॉलेज में जाकर औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने कलेक्टर कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।**



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने बी.एल.ओ. एवं सुपरवाइजर से पुनरीक्षण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को मौके पर ही निर्देश देते हुए कहा कि पुनरीक्षण कार्य में आने वाली प्रत्येक समस्या का तत्काल एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों अनिवार्य हैं, ताकि अंतिम प्रकाशन शुद्ध और त्रुटिरहित हो सके।

निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पंवार नवजीवन विजय, अपर आयुक्त नरेन्द्रनाथ पाण्डे, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. निधि वर्मा एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नारायण नांदेडा, जोनल अधिकारी शितोले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। क्राइम ब्रांच की टीम ने 12.60 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक बदमाश को पकड़ा। ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 लाख 30 हजार रुपए है। आरोपी पर पूर्व में भी लगभग आधा दर्जन अपराध दर्ज हैं। वह 10वीं तक पढ़ा हुआ है और दिहाड़ी मजदूरी करता है। टीम उससे पूछताछ कर रही है।**

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली। जिसके बाद टीम पुरानी राजकुमार सब्जी मंडी शिवाजी नगर पहुंची। जहां उन्हें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा। टीम ने उसकी घेराबंदी की और उसे पकड़ा, जिस पर वह घबरा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मयूर उर्फ बंटी पचौरी निवासी गांधी नगर इंदौर का होना बताया। तलाशी ली तो उसके पास से 12.60 ग्राम ब्राउन शुगर और एक बाइक जब्त की। आरोपी पर कायमी कर उसे गिरफ्तार किया गया। टीम की प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि उसने 10वीं तक पढ़ाई की है और दिहाड़ी मजदूरी करता है। ज्यादा पैसा कमाने के लिए वह ब्राउन शुगर इंदौर में नशा करने वालों को बेचता था। बता दें कि क्राइम ब्रांच की टीम लगातार अवैध मादक पदार्थों को बेचने वालों पर कार्रवाई कर रही है।

# इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में देहदानी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर दिया गया राजकीय सम्मान

## 72 वर्षीय वृद्ध महिला का शरीर दान, परिजनों ने दिया प्रेरक संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर मध्यप्रदेश में अंगदान और देहदान करने वाले व्यक्तियों को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका सम्मान किया जाता है। ऐसा ही प्रसंग इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर इंदौर में देखने को मिला। जब एक 72 वर्षीय वृद्ध महिला के निधन के बाद परिजनों ने चिकित्सा शिक्षा और मानवता के लिए देहदान कर एक प्रेरणादायक कार्य किया।**



शहर की 72 वर्षीय वरिष्ठ विनिता खांडेकर निवासी 804 मिलन हाइट्स इंदौर का देहांत हो गया था। उनके पुत्र राहुल खांडेकर और पति राजाराम खांडेकर की उपस्थिति में मानव सेवा के उद्देश्य से परिजनों ने चिकित्सा शिक्षा और मानवता के लिए देहदान करने का निर्णय लिया। देहदान संस्था मुस्कान ग्रुप द्वारा सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई और शव को इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के देहदान अधिकारी राज गोयल को सौंपा गया। इस पहल के अनुसार इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में मप्र सरकार और पुलिस विभाग द्वारा देहदानी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर दिया गया राजकीय सम्मान दिया गया

इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के डॉ. जी.एस. पटेल ने बताया कि मेडिकल शिक्षा और अनुसंधान के लिए देहदान और अंगदान जीवन का सबसे महान दान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का गार्ड ऑफ ऑनर का यह निर्णय निश्चित ही अधिक से अधिक लोगों को अंगदान और देहदान के लिए प्रेरित करेगा। इसके माध्यम से अनेक लोगों को नया जीवन प्राप्त होगा। इंडेक्स समूह के चेयरमैन सहित चिकित्सकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों के निर्णय को समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।

# नेशनल प्लेयर को एक्सपायर्ड सलाइन चढ़ाई

## ● एमवाय अस्पताल प्रबंधन ने जांच शुरू की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। एमवाय अस्पताल में भर्ती कबड्डी की नेशनल प्लेयर को एक्सपायर्ड सलाइन चढ़ाई गई। हालांकि महिला खिलाड़ी की हालत सामान्य है। परिवार की शिकायत के बाद अस्पताल प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।**

वार्ड नंबर 21 की रहने वाली रोशनी सिंह (27) को 12 नवंबर से पेट में एसिटिक फ्लूइड की समस्या के चलते भर्ती किया गया है। रोशनी के पति सागर सिंह के मुताबिक उन्होंने ड्रिप लाइन पर लगी "सिप्रो" (एक एंटीबायोटिक) की वायल देखी, जिसकी एक्सपायरी डेट खत्म हो चुकी थी।

सागर का कहना है कि उन्होंने वायल की फोटो लेकर स्टाफ से बात की। उनका दावा है कि केवल उनकी पत्नी को ही नहीं, बल्कि दूसरे मरीजों को भी यही एक्सपायर्ड दवा दी जा रही थी। जब उन्होंने स्पष्टीकरण मांगा तो स्टाफ ने उन्हें सुपरिटेंडेंट से मिलने को कहा, लेकिन उन्होंने मिलने से मना कर दिया गया। रोशनी के पति सागर सिंह ने बताया कि मैंने पहली बार कल जब नर्स से कहा की यह दवाई एक्सपायरी है तो उसने कहा कि इससे कुछ नहीं होता। थोड़े समय और चल जाती है।

सागर का दावा है कि यह एक्सपायरी दवाई दो-तीन मरीजों को और चढ़ाई गई जिनमें से दो डिस्चार्ज हो चुके हैं। सागर के मुताबिक रोशनी लंबे समय से बीमार है। इलाज के चलते मैं पिछले तीन महीनों से बेरोजगार हूं। हमने सरकारी अस्पताल पर भरोसा किया था, लेकिन एक्सपायर्ड दवा चढ़ता देख डर लगने लगा है। रोशनी की हालत फिलहाल स्थिर है, उसकी लगातार निगरानी की जा रही है।

# मकान ठेकेदार ने की अश्लीलता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर**। बाणगंगा में एक मकान का काम करने आए ठेकेदार ने महिला को अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकत की। पीड़िता ने यह बात अपने परिवार को बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक 22 साल की महिला की शिकायत पर पुलिस ने रवि पुत्र प्रेम कुशवाह के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि उसके मकान का काम रवि कर रहा है। वह अपने घर की छत पर मंगलवार को कपड़े सुखाने पहुंची। इस दौरान रवि वहां अकेला देखकर आ गया। तब उसने बातचीत के दौरान कहा कि क्या उससे गुस्सा हो।तब महिला ने जबाव नहीं दिया और नीचे जाने लगी। तब रवि ने उसे अपनी तरफ खींचकर गलत हरकत की। पीड़िता ने अपने पति को कॉल कर जानकारी दी। इसके बाद पति-पत्नी थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज कराई।

# युवती ने दोस्त के खिलाफ कराई एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। हीरानगर क्षेत्र की एक युवती ने अपने दोस्त के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि युवक उसे परेशान कर रहा है और कहीं और शादी नहीं करने को लेकर धमका रहा है। आते-जाते उसका पीछा भी कर रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**




पुलिस के मुताबिक 21 साल की युवती की शिकायत पर भारत सेन निवासी ग्राम पालिया उज्जैन रोड के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता ने बताया कि उसकी दोस्ती भारत से इंस्ट्राग्राम पर हुई थी। दोनों में नार्मल बातें होने लगीं। भारत कई बार शॉप पर मिलने पहुंचा। डेढ़ माह पहले उससे बात बंद कर दी ओर कहा कि उसकी शादी की बात चल रही है। भारत ने इसके बाद लगातार पीछा करना शुरू किया। खुद से शादी को लेकर दबाव बनाने लगा। आरोपी ने धमकी दी कि कहीं और शादी की तो ठीक नहीं होगा। वह उसकी शादी नहीं होने देगा। उसने मंगलवार को बापट चौराहे के पास रास्ता रोका और हाथ पकड़कर कहा कि जिससे वह शादी करेगी उसे सब कुछ बताकर रिश्ता तुड़वा देगा। वह मोबाइल भी छीनकर ले गया। पीड़िता ने यह बात परिवार को बताई। इसके बाद मामले में एफआईआर की गई।

# मेट्रो स्टेशन के पास पार्किंग बनाना भूले अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। मेट्रो रूट के निरीक्षण के दौरान एक बड़ी लापरवाही सामने आई। मेट्रो स्टेशन डिजाइन करने वाले आर्किटेक्ट और प्लानर स्टेशन के पास पार्किंग बनाना ही भूल गए। ऐसे में मेट्रो से सफर करने वाले यात्री अपने वाहन कहां पार्क करेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस पर नाराजगी व्यक्त की है।**

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सभी विधायकों, जनप्रतिनिधियों, आईडीए, मेट्रो, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रेडिसन चौराहा से मेट्रो रूट का निरीक्षण शुरू किया, लेकिन कुछ ही दूर बढ़ते पर उन्होंने पाया कि मेट्रो स्टेशन के पास वाहनों की पार्किंग ही नहीं बनाई गई है।

### अफसरों की सफाई-जगह नहीं थी

विजयवर्गीय ने अधिकारियों से पूछा कि जब लोग मेट्रो स्टेशन आएंगे तो अपने वाहन कहां पार्क करेंगे। मेट्रो अधिकारियों ने सफाई दी कि स्टेशन के आसपास जगह उपलब्ध नहीं थी। इस पर मंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि मेट्रो का काम लगभग पूरा होने वाला है और इतनी जरूरी व्यवस्था के लिए अब जगह न होने की बात बताई जा रही है, यह गंभीर लापरवाही है।



### मंत्री ने दिए जमीन चिन्हित करने के निर्देश

मंत्री ने आईडीए अधिकारियों को तुरंत जमीन चिन्हित करने और पार्किंग निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेट्रो की सफलता के लिए हर स्टेशन पर पार्किंग की सुविधा अनिवार्य है, क्योंकि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखना सबसे जरूरी है।

### डिवाइडर-पोल लगाए पर समतलीकरण नहीं किया

निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि मेट्रो, नगर निगम और आईडीए के बीच बेहतर तालमेल बेहद आवश्यक है। उन्होंने वर्तमान व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जहां डिवाइडर और पोल लगाए गए हैं, वहां समतलीकरण का काम ठीक से नहीं हुआ है। इस लापरवाही के लिए जवाबदेही तय करने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद मंत्री विजयवर्गीय लवकुश चौराहा पहुंचे और यहां की स्थिति का भी मूल्यांकन किया। इसके बाद वे गांधी नगर डिपो में अधिकारियों के साथ बैठक कर पूरे मामले की समीक्षा करेंगे।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज सभी विधायकों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक, आईडीए, मेट्रो, नगर निगम, आईडीए, लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मेट्रो रुट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेडिसन चौराहा से जैसे ही निरीक्षण शुरू किया तो कुछ देर बाद ही बड़ी गंभीर लापरवाही सामने आई। दरअसल मेट्रो स्टेशन के पास लोगों के वाहनों के लिए पार्किंग ही नहीं बनाई गई है। इतनी बड़ी गंभीर लापरवाही पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय नाराज हुए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि अब लोग मेट्रो स्टेशन के पास वाहन कहां पार्क करेंगे। मेट्रो अधिकारियों का जवाब था कि जगह नहीं थी। इस पर विजयवर्गीय ने कहा कि मेट्रो का काम जल्द ही पूरा होना है और अब बताया जा रहा है कि जगह नहीं थी।

उन्होंने ने आईडीए अधिकारियों को कहा कि वे जल्द इसके लिए जमीन चिन्हित करें ताकि काम शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि यह मेट्रो अधिकारियों की बड़ी लापरवाही है। यह बात बिल्कुल व्यवहारिक है कि लोग जब यहां किसी को छोड़ने आएंगे तो वाहन कहां पार्क करेंगे। मेट्रो की सफलता के लिए हर स्टेशन पर पार्किंग बहुत जरूरी है।उन्होंने कहा कि मेट्रो, नगर निगम और आईडीए का तालमेल बहुत जरूरी है। अभी यहां डिवाइडर, पोल लगाए गए हैं लेकिन समतल नहीं हुआ जो बहुत जरूरी है। इसके लिए जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। विजयवर्गीय इसके बाद लवकुश चौराहा पर निरीक्षण के लिए रवाना हुए। इसके बाद गांधी नगर डिपो में इसे लेकर बैठक लेंगे।

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रेडिसन चौराहे पर चल रहे मेट्रो कार्यों का निरीक्षण किया

**इंदौर**। शहर में चल रहे विकास कार्यों को लेकर प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज शहर के दौरे पर निकले उनके साथ में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आईडीए, नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी सहित शहर के तमाम जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने सबसे पहले मेट्रो प्रोजेक्ट के काम को देखा, उन्होंने बापट चौराहे से लेकर रेडिसन तक मेट्रो रूट का दौरा किया और स्टेशन पर मौजूद यात्री सुविधाओं को भी देखा। इस दौरान किसी भी मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग व्यवस्था नहीं होने पर मंत्री विजयवर्गीय भड़क गए और उन्होंने मेट्रो के अधिकारियों को फटकार भी लगाई। साथ ही मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर की गई सभी चौराहों पर खुदाई के बाद ठीक से रेस्टोरेशन नहीं होने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए है, की शहर में जल्द ही मेट्रो का संचालन किया जाना है इसलिए सभी व्यवस्था को दुरुस्त करें।

# अफ्रीकी महिला 31 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। नारकोटिक्स विभाग की टीम ने एक अफ्रीकी महिला को 31.85 ग्राम कोकीन के साथ पकड़ा है। जांच में पता चला कि महिला स्टूडेंट वीजा पर भारत आई थी और मुंबई के नालासोपारा में रहती थी। वह बस से मुंबई से इंदौर कोकीन की सप्लाई करने आई थी।**

गिरफ्तारी के बाद भी महिला जांच में सहयोग नहीं कर रही है। टीम उसके मोबाइल की फॉरेंसिक जांच करा रही है ताकि पता चल सके कि वह इंदौर में किसे सप्लाई देने वाली थी।



नारकोटिक्स डीआईजी महेशचंद्र जैन के अनुसार, मंगलवार दोपहर निरीक्षक हरीश सोलंकी को सूचना मिली कि रेसिडेंसी क्षेत्र में एक अफ्रीकी महिला कोकीन की सप्लाई के लिए आने वाली है। इसके बाद निरीक्षक राधा जामोद के नेतृत्व में टीम ने रेसिडेंसी क्षेत्र में घेराबंदी की और संदिग्ध महिला को पकड़ा। तलाशी में महिला के पास से 31.85 ग्राम कोकीन मिली, जिसकी कीमत करीब 15 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। पासपोर्ट की जांच में महिला का नाम लिंडा, पता वेस्ट अफ्रीका, और वीज़ा स्टेटस स्टूडेंट वीजा पाया गया। महिला मुंबई से बस के माध्यम से इंदौर आई थी, जिससे संभावना जताई जा रही है कि वह पहले भी ऐसी सप्लाई कर चुकी हो सकती है। उसके मोबाइल को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। टीम मोबाइल के कॉन्टैक्ट्स, चैट और पेमेंट ट्रेल की जांच कर रही है, जिससे ड्रग नेटवर्क के कई बड़े खुलासे हो सकते हैं।गिरफ्तार महिला के पास से एक एप्पल मोबाइल फोन मिला है, जिसकी विस्तृत जांच जारी है।

टीम ने दबिश देकर महिला को पकड़ा और रात 10:26 बजे उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया। कार्रवाई का नेतृत्व निरीक्षक राधा जामोद ने किया। टीम में निरीक्षक हरीश सोलंकी, उपनिरीक्षक सीमा मिमरोट, आरक्षक ओमप्रकाश राठौर, प्रदीप पाल, रजनीश पांडे, रवि कदम और महिला आरक्षक स्मिता राठौर, नेहा तिवारी शामिल थे।

## नवजात शिशु का शव मिलने से फैली सनसनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। थाना आजाद नगर क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब मुसाखेड़ी चौराहे पर निर्माणाधीन ब्रिज के नीचे एक नवजात शिशु का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। दरअसल प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शव नाले के पास पड़ा हुआ था और उसकी स्थिति बेहद खराब थी। नवजात के शरीर का आधे से अधिक हिस्सा जानवरों द्वारा खाया जा चुका था, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि शव कई घंटों से वहां पड़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि जन्म के कुछ ही मिनट बाद शिशु को यहाँ फेंका गया होगा। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल मर्ग कायम कर लिया गया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नवजात को यहाँ किसने और कब छोड़ा।आजाद नगर थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि यह मामला परित्याग का है या किसी अन्य आपराधिक गतिविधि से जुड़ा हुआ है। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में आक्रोश और दुख का माहौल है।

# लहसुन से भरी स्लीपर बस पकड़ी गई, टू-व्हीलर के 1212 चालान काटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। ट्रैफिक पुलिस लगातार अलग-अलग जगहों पर चेकिंग अभियान चला रही है। हेलमेट नहीं पहनने और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बसों और ऑटो/ई-रिक्शा की भी विशेष जांच की जा रही है।**

मंगलवार देर शाम ट्रैफिक सूबेदार अरुण सिंह और उनकी टीम ने स्टार चौराहे पर स्लीपर बसों की विशेष जांच की। इस दौरान न्यू बेतवा बस सर्विस की स्लीपर बस को रोका गया। जांच में पाया गया कि बस में यात्रियों के साथ-साथ लगेज के नाम पर बस के अंदर बने स्लैब पर भारी मात्रा में लहसुन लदा हुआ था। जबकि वास्तविक सवारी का सामान केवल कुछ अटैची, बैग और बाल्टी तक ही सीमित था।

पुलिस ने बस पर वैधानिक कार्रवाई करते हुए रजिस्ट्रेशन शर्तों के उल्लंघन पर 5 हजार रुपए का चालान बनाया और बस ड्राइवर को आवश्यक निर्देश देकर रवाना किया।

हेलमेट और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के खिलाफ विशेष अभियान के तहत मंगलवार को सुबह से रात तक शहर में अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान 1212 दोपहिया वाहन चालकों के चालान बनाए गए। ट्रैफिक पुलिस ने जनता से अपील की है कि अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट का उपयोग करें। चेकिंग अभियान में ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो और ई-रिक्शा चालकों पर भी कार्रवाई की। प्रतिबंधित रास्ता, वन-वे उल्लंघन, ओवरलोडिंग और नो-पार्किंग जैसे ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 67 ऑटो/ई-रिक्शा चालकों को भी चालान किया गया।

# बिना हेलमेट 1212 वाहन चालकों पर कार्रवाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटों से होने वाली मौतों को रोकने तथा नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध निरंतर जागरूकता एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है। विशेष अभियान के दौरान कुल 1212 दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालान कार्रवाई की गई। इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि अपने तथा अपने परिवार की सुरक्षा हेतु हेलमेट का सदैव उपयोग करें, क्योंकि सड़क पर सुरक्षा ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

● मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया होटल द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस का शुभारंभ

# टूरिस्ट हेली सर्विस का उठाएं भरपूर लाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विश्व धरोहर स्थल खजुराहो और पन्ना टाइगर रिजर्व के आसपास पर्यटकों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। खजुराहो में एयरपोर्ट तो पहले से है ही, अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से खजुराहो नई वंदे भारत ट्रेन की सौगात दे दी है, जिससे बुंदेलखंड की शान मतंगेश्वर महादेव सीधे काशी विश्वनाथ से जुड़ गए हैं।**



उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यटकों की सुविधाओं में बढ़ोतरी करते हुए नई पीएमश्री हेली टूरिस्ट सर्विस शुरू की है। इसके अलावा प्रदेशवासियों को इंटर स्टेट हवाई सेवा और एयर एंबुलेंस की सुविधा भी मिल रही है। पर्यटक इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आने वाले पर्यटकों की संख्या में 526 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। बीते साल 13 करोड़ 41 लाख से अधिक पर्यटक मध्यप्रदेश की धरती पर आए। हमारी पर्यटन प्रोत्साहन योजनाओं के कारण भविष्य में यह आंकड़ा और भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को खजुराहो में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने खजुराहो में 'होटल द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस' का दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर ओबेरॉय ग्रुप के स्वामी श्री अर्जुन ओबेरॉय ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढाकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो का ईश्वर का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है। ओबेरॉय ग्रुप के राजगढ़ पैलेस होटल के माध्यम से आज खजुराहो समृद्धि के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। राज्य सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। खजुराहो की प्राचीनतम स्थापत्य कला को देखने के लिए पूरी दुनिया खिंची चली आती है।

खजुराहो महाराजा छत्रसाल की राजधानी रही है। बुंदेलखंड में आल्हा-ऊदल की वीरता की कहानियां जोश से भर देती हैं। यहां 70 एकड़ में यह भव्य होटल बनकर तैयार हुआ है, जिससे पर्यटकों को तो लग्जरियस फेसिलिटी मिलेगी ही, स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा। क्षेत्रीय सांसद श्री वीडी शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। खजुराहो एक विश्व धरोहर है, यहां रोजाना दुनियाभर के पर्यटक आते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत में 17 आइकोनिक सिटी चिह्नित की हैं, इनमें खजुराहो भी शामिल है। यहां नजदीक ही पन्ना टाइगर रिजर्व को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक आते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने खजुराहो को हवाई सेवा के साथ सुपरफॉस्ट ट्रेन वंदे भारत की रेगुलर कनेक्टिविटी भी दे दी है। पन्ना में हीरे तो मिलते ही हैं, भविष्य में राजगढ़ पैलेस 'होटल इंडस्ट्री का डायमंड' बनकर उभरेगा। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार, विधायक श्री अरविंद पटेरिया, विधायक श्रीमती ललिता यादव, विधायक श्री राजेश शुक्ला, विधायक श्री कामाख्या प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री, अपर मुख्य सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला, डी आईजी विजय खत्री, कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ओबेरॉय ग्रुप के स्टॉफ मेंबर्स उपस्थित रहे।

# नक्सली मुठभेड़ में हॉक फोर्स के इंस्पेक्टर शहीद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी।** बालाघाट में नक्सलियों से मुठभेड़ में हॉक फोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा शहीद हो गए। उन्हें गोली लगी थी। एंटी नक्सल ऑपरेशन डीजीपी पंकज श्रीवास्तव ने इसकी पुष्टि की है। डीजीपी ने बताया कि बुधवार को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया था। तीनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र के बोर तालाब के पास नक्सलियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। पुलिस के पहुंचने पर नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। तीनों टीम को लीड कर रहे इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को गोली लग गई। उन्हें घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।नरसिंहपुर एसपी डॉ. ऋषिकेश मीना, एएसपी संदीप भूरिया समेत पुलिस बल आशीष शर्मा के घर के लिए रवाना हो गया है। एएसपी ने बताया कि अभी शहीद के घर में जानकारी नहीं दी है। सिर्फ उनके भाई को बताया है, जो पार्थिव शरीर लेने बालाघाट के लिए रवाना हो गए हैं।

## शहीद आशीष के भाई को नौकरी देगी सरकार



**सतना।** सतना के नागौद में सीएम डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद हुए आशीष शर्मा के छोटे भाई को नौकरी दी जाएगी। हमारी सरकार परिवार को सरकार के नियमों के अनुसार मदद करेगी। सीएम ने साथ ही कहा कि गरीबों के साथ दुर्दांत व्यवहार करने वाले नक्सलियों और आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। मोहन यादव बुधवार को नागौद ब्लॉक में भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को 'सरकार रूपी वाहन का ड्राइवर' बताया और उनसे सीधा संवाद किया। सम्मेलन की मुख्य बात कार्यकर्ताओं का सम्मान रही।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त का किया अंतरण



● मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागौद में प्रधानमंत्री के संबोधन का किया श्रवण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर से देश के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त का वितरण किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पात्र किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ रूपये की सम्मान राशि का हस्तांतरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सतना जिले के प्रवास के दौरान नागौद के बरकोनिया मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री श्री मोदी के किसानों को उद्बोधन का श्रवण किया। उल्लेखनीय है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना में अब तक 3 लाख 90 हजार करोड रूपये से अधिक की सम्मान राशि किसानों के खाते में अंतरित की जा चुकी है।

इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल और अध्यक्ष नगर पंचायत सुश्री प्रतिभा सिंह भी उपस्थित रही।

# सीएम डॉ. मोहन यादव ने खजुराहो में किया 'द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस' होटल का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** सीएम डॉ. मोहन यादव ने होटल 'द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस' का औपचारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा कि इस होटल के बनने के बाद न सिर्फ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि ये यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो की गौरवशाली परंपरा को नई ऊंचाई भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि "यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज में खजुराहो का विशेष महत्व है।



यहां पत्थर और मूर्तियां भी बोलती हैं। होटल ओबेरॉय के रूप में यहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन के केंद्र के रूप में संस्थान का लोकार्पण हुआ और खजुराहो की गौरवशाली परंपरा में आज चार चांद लगे हैं।"

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक धरोहरों में खजुराहो का स्थान अद्वितीय है जो प्रदेश की गौरवशाली मुकुट-मणि के समान प्रतिष्ठित है। यहां की कलाकृतियों और प्रतिमाओं का अद्भुत सौंदर्य मानो सजीव प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में मिल रही निरंतर उपलब्धियां स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और अवसरों के नए द्वार खोल रही हैं। सीएम ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाईयां छू रहे मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में 526% की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज हुई है। बीते वर्ष 13.41 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने प्रदेश के अद्भुत दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। पर्यटकों के लिए हवाई सेवाओं और हेली सेवाओं का सतत विस्तार राज्य को पर्यटन का प्रमुख केंद्र बना रहा है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि 'द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस' के शुभारंभ के साथ ही अब खजुराहो आने वाले पर्यटक बेहतर और सुखद अनुभव के साथ वापस जाएंगे।

## शिक्षक सहायता कोष को बढ़ाने का होगा प्रयास -स्कूल शिक्षा मंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षकों के कल्याण के लिये प्रतिबद्ध है। संकट के दौरान शिक्षकों को समय पर हर संभव मदद दी जायेगी। मंत्री श्री सिंह बुधवार को मंत्रालय में शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान की राज्य स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित



कर रहे थे। बैठक में आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता और संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह भी उपस्थित थे। बैठक में तय हुआ कि वर्ष 2026 में शिक्षक दिवस पर प्रत्येक जिले से 2 शिक्षकों को उनके श्रेष्ठ कार्यों के लिये सम्मानित किया जायेगा। इससे प्रदेश के प्रत्येक जिले को प्रतिनिधित्व मिल सकेगा। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग की ओर से जिला स्तर पर भी शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रतिष्ठान की हर 3 माह में बैठक हो यह सुनिश्चित किया जाये।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बड़ा झटका, करनी होगी चुनाव ड्यूटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** चुनाव कार्य से खुद को अलग रखने के लिए हाई कोर्ट गए मध्य प्रदेश के करीब 10 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तगड़ा झटका लगा है, हाई कोर्ट की जबलपुर बेंच ने उनकी याचिका को ख़ारिज कर दिया और कहा कि उन्हें भी क्चुनव ड्यूटी करनी होगी। मध्यप्रदेश के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की याचिका को ख़ारिज करते हुए हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि अगर सभी विभागों के कर्मचारी चुनाव ड्यूटी करने से मना करेंगे तो चुनाव कैसे होगा, इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को चुनाव ड्यूटी करनी होगी। बता दें चुनाव में ड्यूटी लगाने के सरकारी आदेश



के विरोध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शासकीय एकता यूनियन ने हाई कोर्ट में एक याचिका लगाई थी जिसमें आज सुनवाई हुई, सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने चुनाव ड्यूटी ना लगाने की मांग की थी यानि वे चुनाव ड्यूटी से राहत चाहते थे, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा अगर सभी विभागों के कर्मचारी चुनाव ड्यूटी करने से मना करेंगे तो चुनाव कैसे होगा। हाई कोर्ट ने कहा सरकारी विभागों के कर्मचारी सिस्टम का हिस्सा है उन्हें जिम्मेदारी निभानी होगी, हाई कोर्ट के फैसले का असर प्रदेश की 10 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर पड़ेगा।

## संपादकीय

# पीएम की तारीफ की तो कहा ढोंगी....

कांग्रेस नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। इसे लेकर कांग्रेस के अंदर कुछ लोग उनसे नाराज हो गए हैं। कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने थरूर पर निशाना साधते हुए यहां तक कह दिया कि आप कांग्रेस में क्यों हैं? उन्होंने थरूर को ढोंगी तक कह दिया। कांग्रेस की एक और नेता, सुप्रिया श्रीनेत ने भी कुछ ऐसी ही बात कही। उन्होंने कहा, 'मुझे पीएम मोदी के भाषण में कुछ भी ऐसा नहीं मिला जिसकी तारीफ की जाए और मुझे समझ नहीं आता कि शशि थरूर को पीएम मोदी के भाषण में ऐसा क्या मिला जिसकी उन्होंने तारीफ की।' शशि थरूर ने कई मौकों पर पार्टी से अलग राह लेते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को सराहा है। उनकी नीतियों की तारीफ की है। इसी बीच उन्होंने पीएम मोदी के हालिया भाषण पर भी रिएक्ट किया, जिसे लेकर कांग्रेस में घमासान छिड़ गया। कई पार्टी ने नेताओं थरूर पर निशाना साधा है। इसी कड़ी में कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने चुप्पी तोड़ी है। संदीप दीक्षित ने कहा कि शशि थरूर की दिक्कत यह है कि मुझे नहीं लगता कि उन्हें देश के बारे में ज्यादा पता है। अगर आपके हिसाब से कोई कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ जाकर देश के लिए अच्छा कर रहा है, तो आपको उन्हीं नीतियों को अपनाना चाहिए। आप कांग्रेस में क्यों हैं? सिर्फ इसलिए कि आप एक सांसद हैं? संदीप दीक्षित ने आगे कहा कि अगर आपको सच में लगता है कि बीजेपी या पीएम मोदी की रणनीतियां आपकी पार्टी से बेहतर काम कर रही हैं, तो आपको इसका जवाब देना चाहिए। अगर आप जवाब नहीं दे रहे हैं, तो आप ढोंगी हैं। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने भी थरूर को लेकर सवाल खड़े किए हैं। मुझे पीएम मोदी के भाषण में कुछ भी ऐसा नहीं लगा जिसकी तारीफ की जाए। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मुझे लगता है कि पीएम मोदी को बहुत सारे सवालों के जवाब देने चाहिए। वह एक अखबार के कार्यक्रम में थे। उन्हें हमें बताना चाहिए कि निष्पक्ष पत्रकारिता से उनकी क्या समस्या है। उन्हें बताना चाहिए था कि वह उन लोगों से खुश क्यों नहीं हैं जो सच दिखाते और बोलते हैं। इसलिए, मुझे उनकी तारीफ करने का कोई कारण नहीं दिखा। इस हफ्ते की शुरुआत में, शशि थरूर ने पीएम मोदी के एक भाषण को सुनने पर अपना अनुभव शेयर किया था। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री के भाषण के बारे में अपनी राय का एक छोटा सा विश्लेषण लिखा था। इसमें उन्होंने पीएम के भाषण की तारीफ भी की थी। उन्होंने लिखा कि यह भाषण आर्थिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक एक्शन का आह्वान था। इसने राष्ट्र को प्रगति के लिए बेचैन रहने का आग्रह किया। थरूर ने कहा कि पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अब सिर्फ एक 'उभरता हुआ बाजार' नहीं है, बल्कि दुनिया के लिए एक 'उभरता हुआ मॉडल' है, और इसकी आर्थिक मजबूती बेहद अहम है। पीएम मोदी ने कहा कि उन पर हमेशा 'चुनाव मोड' में रहने का आरोप लगाया गया है, लेकिन वह वास्तव में लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए 'इमोशनल मोड' में थे।

## OSHO कहिन

"खुशी की खोज में लोग दु:खी होते हैं, क्योंकि वे गलत जगह खोजते हैं।"



## धर्म-कर्म

### • बिहारपंचमी के दिन मनेगा

# बांकेबिहारी का 482वां प्राकट्योत्सव



मथुरा में 25 नवंबर (मंगलवार) को बिहारपंचमी पर्व पर जन-जन के आराध्य ठाकुर बाँकेबिहारी महाराज का 482 वां प्राकट्योत्सव मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत विश्वविख्यात बां केबिहारी मंदिर, श्रीहरिदासपीठ मंदिर एवं निधिवनराज में अनेक कार्यक्रम मनोहारी कार्यक्रम आयोजित होंगे। उत्सव का सर्वप्रमुख आकर्षण निधिवनराज से बिहारीजी मंदिर तक निकलने वाली श्रीस्वामीहरिदासजी महाराज की भव्य बधाई शोभायात्रा रहेगी।

इसके आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए श्रीहरिदास पीठाधीश्वर इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी ने बताया कि वर्ष 1543 ई. में मार्गशीष माह की शुक्ल पक्षीय पंचमी तिथि की भोर वेला में संगीत सम्राट स्वामी हरिदास की निकुंज उपासना के फलस्वरूप निधिवनराज की पवित्र धरणी से युगल जोड़ी के रूप में आराध्यप्रभु श्यामा श्याम का प्रागट्य हुआ था। हरिदासजी की लोकहितकारी प्रार्थना पर पर एकाकार हुए उन्हीं युगलसरकार को वर्तमान में ठाकुर बाँकेबिहारी के शुभनाम से जाना जाता है। इतिहासकार के अनुसार आराध्य बांकेबिहारी के 482 वें प्राकट्योत्सव पर 25 नवंबर को प्रातःकाल निधिवन स्थित प्राकट्य स्थल का पंचगव्य पदार्थों से दिव्य अभिषेक करके विशेष आरती उतारी जाएगी। उत्सवीय वेला में पीत वस्त्राभूषणों से सजे संवरे ठाकुरजी को शुद्ध देशी घी से निर्मित मूंगदाल व सूजी का मोहनभोग (हलुआ) एवं मेवा पदार्थों का विशेष भोग धराया जाएगा।

## Paschim Bangal

# बंगाल में उलटा पलायन! 500 बांग्लादेशी जीरो लाइन के पास फंसे, SIR अभियान से मची दहशत

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश की सीमा से लगे हाकिमपुर बॉर्डर आउटपोस्ट (उत्तर 24 परगना) पर पिछले कुछ दिनों से असामान्य हलचल दिख रही है। सड़क किनारे झुंड बनाकर बैठे महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के चेहरों पर भय साफ झलकता है। इनके पास पड़े बैग, कंबल और बक्से बताते हैं कि वे जल्दबाजी में अपना घर छोड़ कर आए हैं- केवल एक उद्देश्य के साथ कि उन्हें वापस बांग्लादेश लौटना है। संख्या इतनी ज्यादा बढ़ रही है कि अधिकारी इस उलट पलायन बता रहे हैं। यानी पहले ये लोग अवैध तरीकों से भारत में पलायन करके आए और अब भारत से भागने में लगे हैं।



इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए अब्दुल मोमिन नाम के एक शख्स ने बताया कि वह पांच साल पहले सतखीरा जिले से भारत में दाखिल हुआ। उन्होंने कहा कि एक दलाल को पैसे देकर आए थे। हम हावड़ा के डोमजूड़ में रहते थे। जब SIR शुरू हुआ तो डर लगने लगा। सुना कि BSF वापस भेज रही है, इसलिए पत्नी और दो बच्चों के साथ सुबह-सुबह यहां आ गए।

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर नाटकीय घटना ने राजनीतिक विवाद को नई ऊंचाई दे दी है। लगभग 500 अवैध बांग्लादेशी नागरिक विशेष गहन संशोधन (SIR) अभियान के डर से अपने देश लौटने की कोशिश में जीरो लाइन पर फंस गए हैं।

## Chhattisgarh

**● छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में भीषण दुर्घटना**

# खड़े ट्रक में घुसी स्कॉर्पियो, 6 की मौत, फिल्म देखकर लौट रहे थे सभी



**रायपुर, (एजेंसी)** कोंडागांव जिले में मसोरा टोल प्लाजा के पास एक खड़े ट्रक में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के घुस जाने से दो परिवारों के छह लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह हादसा 18 नवंबर की रात को हुआ जब ये लोग छत्तीसगढ़ की एक फिल्म देखकर अपने गांव लौट रहे थे। मृतकों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं, और गंभीर रूप से घायलों को जगदलपुर रेफर किया गया है। हादसे में मरने वालों की पहचान नूतन मांझी (18), शत्रुघ्न मांझी (26), लखनराम मंडावी (40), उपेंद्र मंडावी (17) और रूपेश मंडावी (23) के रूप में हुई है। एक अन्य मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। मरने वालों में लखनराम मंडावी और उपेंद्र मंडावी पिता-पुत्र थे। इस हादसे में पांच लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए जगदलपुर रेफर किया गया है, जबकि दो का इलाज कोंडागांव में ही चल रहा है। घायलों में कुछ के हाथ टूट गए हैं तो किसी के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार, ये सभी 11 लोग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़े डोंगर गांव के रहने वाले थे। वे छत्तीसगढ़ की फिल्म 'माटी' देखकर स्कॉर्पियो से अपने गांव लौट रहे थे। मसोरा टोल प्लाजा के पास पहुंचने पर उनकी स्कॉर्पियो सड़क पर खड़े एक खराब ट्रक से जा टकराई।

## New Delhi

# सेना ने सेना के कॉम्बैट यूनिफॉर्म का पेटेंट कराया



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय सेना ने नए कोट कॉम्बैट के डिजाइन (डिजिटल प्रिंट) का पेटेंट करा लिया है। यह तीन-लेयर वाली यूनिफॉर्म सैनिकों के लिए हर मौसम में आरामदायक है। यानी कोई बिना सेना की अनुमति के इस डिजाइन का यूनिफॉर्म न तो बना सकेगा न बेच सकेगा व उपयोग कर सकेगा। ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई और जुर्माना होगा। इस नए कोट कॉम्बैट को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट), दिल्ली ने आर्मी डिजाइन ब्यूरो के साथ तैयार किया है। सेना ने जनवरी 2025 में नया कॉम्बैट यूनिफॉर्म को पेश किया था।

## New Delhi

# आधार कार्ड पर सिर्फ फोटो और QR कोड होगा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) आधार कार्ड नए सिरे से डिजाइन करने पर विचार कर रहा है। भविष्य में आधार कार्ड केवल धारक की फोटो और QR कोड वाला हो सकता है। यानी कार्ड पर आधार नंबर, नाम-पता, जन्मतिथि अन्य बायोमीट्रिक जानकारी नहीं होंगी।

UIDAI के सीईओ भुवनेश कुमार ने एक ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस में बताया कि आधार की कॉपी से होने वाले मिसयूज को रोकने के लिए नए नियम बनाए जा रहे हैं। इसके बाद आधार कार्ड देखने और उसकी फोटोकॉपी जमा कराने पर भी दूसरे किसी व्यक्ति, संस्था, कार्यालय या कंपनियों के पास आपकी डिटेल नहीं जाएगी। खासतौर से होटलों, टेलीकॉम सिम बेचने वाले, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार वगैरह के आयोजक आपके आधार की फोटोकॉपी का गलत इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। UIDAI दिसंबर 2025 में नए नियम लागू करने की योजना बना रहा है। अभी आधार कार्ड पर नाम, आधार संख्या, फोटो, QR कोड होते हैं। वहीं वेरिफिकेशन का तरीका ऑफलाइन और ऑन-लाइन दोनों ही हैं। ऑफलाइन में फोटोकॉपी और डेटा के मिसयूज का जोखिम रहता है।




## खेल

# रोहित शर्मा ने गंवाया शीर्ष स्थान, न्यूजीलैंड का यह बल्लेबाज वनडे रैंकिंग में पहले नंबर पर पहुंचा

**दुबई, (एजेंसी)** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान का ताज गंवा दिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी वनडे में नाबाद शतकीय पारी खेलने के बाद रोहित 50 ओवर के प्रारूप में शीर्ष बल्लेबाज बन गए थे, लेकिन आईसीसी की नवीनतम रैंकिंग में रोहित दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज डेरिल मिचेल वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की मदद से वनडे में नंबर एक बल्लेबाज बन गए हैं।

मिचेल ने सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार शतक लगाया था जिस कारण वह रोहित को पीछे छोड़ने में सफल रहे। मिचेल न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज हैं जो वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान तक पहुंचे हैं। इससे पहले 1979 में कीवी टीम की ओर से ग्लेन टर्नर वनडे रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज बने थे। मार्टिन क्रोव, एंड्रयू जोन्स,




रोजर तवोसे, नाथन एश्ले, कैन विलियमसन, मार्टिन गुप्टिल और रॉस टेलर शीर्ष पांच तक पहुंचे हैं, लेकिन कभी नंबर एक स्थान हासिल नहीं कर पाए थे। मिचेल के वर्तमान में 782 रेटिंग अंक हैं जो रोहित से एक अंक अधिक है। रोहित लगभग तीन हफ्ते तक शीर्ष पर रहे। अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान भी एक स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर आ गए। भारत के शुभमन गिल (चौथे), विराट कोहली (पांचवें) और श्रेयस अय्यर (आठवें) शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल हैं। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद कई पाकिस्तानी खिलाड़ियों को भी बड़ी सफलता मिली है। मोहम्मद रिजवान (पांच स्थान ऊपर 22वें स्थान पर) और फखर जमां (पांच स्थान ऊपर 26वें स्थान पर) की रैंकिंग में सुधार हुआ है। पाकिस्तान ने अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ तीन मैच की सीरीज में 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले स्पिनर अबरार अहमद (11 स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर) और तेज गेंदबाज हारिस राऊफ (पांच स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर) को वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है जिसमें अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं। इस बीच कोलकाता में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट के समापन के बाद दोनों टीम के कई खिलाड़ियों की बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार हुआ है। मैच की दूसरी पारी में 55 रन बनाकर नाबाद रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा अपने करियर में पहली बार शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। इसी मैच के दौरान चोटिल होने के बावजूद भारतीय कप्तान शुभमन गिल दो स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ईडन गार्डन्स में पहले टेस्ट में छह विकेट लेकर नंबर एक टेस्ट गेंदबाज का स्थान बरकरार रखा है।

## सिनेमा

# ड्रग्स केस में ओरी को मुंबई पुलिस ने किया समन, ₹252 करोड़ के ड्रग्स मामले में होगी पूछताछ!



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओर्हान अवत्रमणि उर्फ ओरी को ड्रग्स मामले में मुंबई के एंटी-नारकोटिक्स सेल ने समन किया है। ओरी को 252 करोड़ रुपये के इस मामले में गुरुवार सुबह 10 बजे एंटी-नारकोटिक्स सेल की घाटकोपर यूनिट में पेश होने के लिए कहा गया है। ओरी को फिल्म इंडस्ट्री के सबसे पॉपुलर और लोकप्रिय सेलेब्रिटीज में गिना जाता है। उनके फिल्मी सितारों के साथ काफी करीबी और दोस्ताना संबंध हैं। यह दूसरी बार है जब ओरी ड्रग्स से जुड़े मामले में फंसे हैं। इससे पहले ओरी और 7 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इन सभी लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर पुलिस ने वैष्णो देवी मंदिर के पास कटरा के एक होटल में शराब पीने का मामला दर्ज किया था। ओरी और उनके साथियों के खिलाफ दर्ज किया गया यह मामला कटरा में शराब और मांसाहारी खाने पर बैन लगाने वाले लोकल कानून का उल्लंघन थी। बता दें कि ओरी बिना किसी प्रोफेशनल कल्चर को अपनाए पॉप-कल्चर में छा गए हैं। अक्सर उनके सोशल मीडिया पोस्ट इंटरनेट पर वायरल होते हैं और उनके ऊपर ढेरों मीम बनते हैं। ओरी कभी साथ सेल्फी लेने के पैसे चार्ज करने तो कभी उनके मोबाइल फोन के कवर के लिए सुर्खियों में बने रहते हैं।

## Highlights

1. **Supreme Court recalls its 'Vanashakti' judgment**
2. **Elderly Pune couple lose over ₹5 crore in digital arrest scam**
3. **JSW Infra to invest ₹4,000 crore in ports business in FY26**
4. **Can learn from them: UK Minister on India's push for clean energy**
5. **Can't bear the praise: BJP as Congress leader differs with Tharoor on PM's speech**

# Groww's share price tanks nearly 10% again in signs of continued profit-booking




**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of Billionbrains Garage Ventures Ltd., the operator of India's largest online broker Groww, fell nearly 10% for a second straight trading session indicating that profit-booking on the stock is still on.

On Thursday, Groww's share price fell as much as 9.09% to ₹154.48 even as the benchmark Sensex gained 0.2% at the opening bell. The stock pared some losses to trade 5-7% lower.

After a spectacular post-listing rally that saw Groww's share price surge over 90% from its IPO price, the high-flying stock hit a decisive 10% lower circuit on Wednesday, signaling the first major wave of profit booking and revaluation of its aggressive valuation.

Groww's shares, which had listed at a premium, sprinted past major valuation milestones, riding on its strong brand recall among India's growing cohort of retail investors and its demonstrated profitability.

The rally, however, was not purely driven by fundamentals. A critical factor was the stock's low free float—a small number of shares available for regular public trading. This tight supply, combined with massive demand, created a technical trap for short-sellers.

"Groww has only about 7% free float, which makes it extremely volatile," Ishan Tanna, research analyst at Ashika Institutional Equity Research, told ET. "Many traders who tried to short-sell or engage in Buy Today, Sell Tomorrow (BTST) trades got caught out."

# IndusInd Bank's new CEO plans sweeping overhaul after scandal involving old CEO

**NEW DEIHI, (Agency).** IndusInd Bank Ltd. is preparing a sweeping overhaul to boost profitability and cleaning up underperformance, as its new chief executive officer seeks to boost return on assets following a governance shakeup.

The restructuring—expected within days—will "clean up" the organisation and lead to exits for low performers while not affecting headcount, Chief Executive Officer Rajiv Anand told Bloomberg News in an interview.




The bank will also channel more resources into artificial intelligence and expand its retail business to strengthen its balance sheet, Anand said.

Backed by India's Hinduja billionaire family, the bank has endured a turbulent stretch marked by a probe into a ₹19,600 crore accounting discrepancy that triggered the departure of its former CEO and key senior executives. The bank reported losses for the second quarter and accelerated its bad debt write-offs from the previous three months.

IndusInd Bank overhaul

India's fifth-largest private lender has already replaced several executives in core control functions, including its chief financial officer, and added a new internal auditor and a strengthened assurance team, Anand said.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

### "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

।। बाबापण्डित ।।

(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

### - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक